पर्व | लाखों की संख्या में उमड़ा ग्रामीणों का जनसैलाब, आतिशबाजी और डीजे की धुन पर झूमे श्रद्धालु

# लोटिया में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया भुजलिया पर्व

नवभारत न्यूज

**बटकाखापा, 31 अगस्त लोटिया गांव मे परंपरा, आस्था और उत्साह का प्रतीक भुजलिया पर्व इस वर्ष भी लोटिया में बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पर्व को लेकर आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में खासा उत्साह देखने को मिला।**

बड़ी संख्या में ग्रामीणजन भुजलिया विसर्जन कार्यक्रम में शामिल होने के लिए लोटिया पहुंचे, जिससे पूरा क्षेत्र उत्सव के रंग में रंगा नजर आया। भुजलिया पर्व के अवसर पर डीजे और बाजे की धुन, आतिशबाजी तथा उमंग से पूरा माहौल भक्तिमय और उत्सवी बना रहा। ग्रामीणों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ भुजलिया का पूजन किया और इसके बाद धूमधाम से विसर्जन के लिए शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में महिला, पुरुष, युवा और बच्चे शामिल हुए। डीजे की धुन पर युवाओं ने जमकर उत्साह मनाया, वहीं जगह-जगह हुई आतिशबाजी ने पर्व की रौनक को और बढ़ा दिया। भुजलिया विसर्जन को देखने के लिए सड़क के दोनों ओर लोगों की भारी भीड़ जमा रही।



### आतिशबाजी के बीच हुआ भुजलिया विसर्जन

भुजलिया विसर्जन के दौरान पूरा वातावरण जयकारों, ढोल-नगाड़ों और आतिशबाजी की गूंज से सराबोर रहा। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान और परंपरागत तरीके से भुजलिया का विसर्जन किया तथा क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भुजलिया पर्व में लोगों की जबरदस्त सहभागिता देखने को मिली। आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे लोगों के कारण लोटिया में मेले जैसा माहौल बना रहा। पर्व को लेकर बच्चों से लेकर बुजुर्गों और युवाओं तक में खासा उत्साह दिखाई दिया। भुजलिया पर्व ने एक बार फिर ग्रामीण संस्कृति, आपसी भाईचारे और पारंपरिक लोक आस्था की खूबसूरत तस्वीर प्रस्तुत की। देर तक चले इस आयोजन में लोगों ने जमकर आनंद लिया और उत्साह के साथ पर्व का समापन किया।

# 43 वर्षों की निष्ठावान सेवा के बाद सेवानिवृत्त हुईं श्रीमती अरुण लता मालवी

नवभारत न्यूज

**छिंदवाड़ा, 31 अगस्त, नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा के जगन्नाथ जोन कार्यालय में वरिष्ठ कर्मचारी सहायक ग्रेड दो श्रीमती अरुणलता मालवीय के 43 वर्षों की दीर्घ एवं अनुकरणीय शासकीय सेवा पूर्ण करने के अवसर पर एक भव्य विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।**

अपने सेवाकाल के दौरान उन्होंने स्थापना शाखा, श्रम शाखा एवं शासन की विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सोमवार को आयोजित इस समारोह में नगर निगम के अधिकारियों, सहकर्मियों और जनप्रतिनिधियों ने श्रीमती मालवी को पुष्पगुच्छ, स्मृति चिह्न एवं उपहार भेंट कर उनके सफल सेवाकाल की सराहना की तथा उनके स्वस्थ, सुखद एवं दीर्घायु जीवन की कामना की।



# संत रविदास महाराज की 650वीं जयंती पर अमरवाड़ा में निकली भव्य कलश यात्रा

नवभारत न्यूज

**अमरवाड़ा, 31 अगस्त, संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती के ऐतिहासिक वर्ष के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी एवं सामाजिक बंधुओं के सहभाग से अमरवाड़ा नगर में भव्य कलश यात्रा निकाली गई।**

श्रद्धा, उत्साह और भक्तिभाव से परिपूर्ण इस यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, समाजजनों एवं भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने सहभागिता कर संत रविदास महाराज के विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। कलश यात्रा का शुभारंभ चौरई रोड स्थित संत रविदास मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुआ। मंदिर परिसर से प्रारंभ हुई यात्रा बड़ा मोहल्ला होते हुए नगर के विभिन्न मार्गों से निकली और तेंदनी के लिए रवाना हुई। यात्रा के दौरान संत रविदास महाराज के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं में यात्रा को लेकर विशेष उत्साह और उमंग दिखाई दी। संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती का यह ऐतिहासिक वर्ष 29 जुलाई 2026 से प्रारंभ होकर 20 फरवरी 2027, माघ पूर्णिमा तक विभिन्न धार्मिक, सामाजिक एवं जनजागरण कार्यक्रमों के माध्यम से मनाया जा रहा है। इसी क्रम में अमरवाड़ा में आयोजित कलश यात्रा के माध्यम से संत रविदास महाराज के समानता, सामाजिक न्याय, समरसता और भाईचारे के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश दिया गया।

# वृद्धाश्रम पहुंचकर बुजुर्गों के बीच मनाया रक्षाबंधन व भुजलिया पर्व

नवभारत न्यूज

**छिंदवाड़ा, 31 अगस्त, वरिष्ठ समाजसेवी नरेन्द्र साहू के मार्गदर्शन में भाजपा महिला मोर्चा मंडल एक की अध्यक्ष एवं एल्डरमैन (मनोनीत पार्षद) श्रीमती माया सागर बंदेवार व नगर महिला मोर्चा मंडल दो की अध्यक्ष श्रीमती जया विजय विश्वकर्मा के नेतृत्व में महिलाओं ने गोधूलि वृद्धाश्रम छिंदवाड़ा में बुजुर्गो के बीच पहुँचकर लगातार इस दूसरे वर्ष भी रक्षाबंधन, भुजलिया का पर्व मनाया।**

इस अवसर पर श्रीमती बन्देवार ने कहा कि बुजुर्गों की सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है, बुजुर्गों का आशीर्वाद ही जीवन की असली पूंजी है, उन्होंने कहा कि झुक कर करें जो बड़ों का सम्मान, वही पाता है भगवान का सच्चा वरदान। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी नरेंद्र साहू ने कहा कि यहाॅ जो भी कमी एवं आवश्यकता होगी उसकी पूर्ति की जाएंगी। कार्यक्रम में उपस्थित प्रदीप चौधरी, पीएल साहू, किशोर गागरे, मुकेश जगदेव, राममोहन साहू, अरविंद कुमार बाथन, एसके विश्वकर्मा, सागर बन्देवार, संदीप चौरसिया ने बुजुर्गों को रक्षासूत्र बांधकर तिलक लगाया एवं भुजलिया देकर आशीर्वाद लिया एवं सभी वृद्धजनों को स्वल्पाहार भी कराया। भा.जा.पा.महिला की नेत्री श्रीमती रानी सूर्यवंशी ने अपने जन्मदिन के अवसर पर बुजुर्गों के साथ केक काटकर सभी का आशीर्वाद भी लिया। कार्यक्रम में श्रीमती चंद्रकांत पवार, श्रीमती माया बन्देवार, जया विश्वकर्मा, रानी सूर्यवंशी, श्रीमती चंद्रा बन्देवार आदि महिलाओं का विशेष योगदान रहा।



# भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में जिलाध्यक्ष शेषराव यादव हुए शामिल

नवभारत न्यूज

**छिंदवाड़ा, 31 अगस्त, ऐतिहासिक नगरी ओरछा में आयोजित भारतीय जनता पार्टी की दो दिवसीय प्रदेश कार्यसमिति की महत्वपूर्ण बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने सहभागिता की। बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव 'मिशन-2028' को लेकर संगठन की तैयारियों, भावी रणनीति और जनाधार को और अधिक मजबूत करने के विषय पर व्यापक मंथन किया गया।**

भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने बताया कि प्रदेश कार्यसमिति की बैठक का प्रमुख उद्देश्य आगामी विधानसभा चुनाव के लिए एक सुदृढ़ एवं प्रभावी सांगठनिक रोडमैप तैयार करना है। बैठक में संगठन के वरिष्ठ नेतृत्व एवं समर्पित कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में आगामी राजनीतिक एवं सांगठनिक रणनीतियों पर गहन विचार-विमर्श हुआ। उन्होंने बताया कि वर्तमान डिजिटल युग में सोशल मीडिया की बढ़ती भूमिका को देखते हुए स्थानीय सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स को संगठन से जोड़ने तथा भाजपा की विचारधारा और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से जन-जन तक पहुंचाने की रणनीति पर भी चर्चा हुई।

# शासकीय पीजी कॉलेज में विमुक्ति दिवस समारोह का हुआ आयोजन

नवभारत न्यूज

**छिंदवाड़ा, 31 अगस्त, विमुक्त घुमन्तु एवं अर्द्ध घुमन्तु कल्याण विभाग, छिंदवाड़ा/पांढुर्णा द्वारा आज विमुक्ति दिवस समारोह का आयोजन शासकीय पी.जी. कॉलेज छिंदवाड़ा में किया गया।**

कार्यक्रम में विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्ध घुमन्तु समुदाय के कल्याण, अधिकारों तथा शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर सहायक संचालक, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग संगीत देशमुख उपस्थित थे। उन्होंने बताया कि कलेक्टर छिंदवाड़ा हरेंद्र नारायन एवं कलेक्टर पांढुर्णा नीरज कुमार वशिष्ठ के मार्गदर्शन में यह संयुक्त आयोजन संपन्न हुआ है।

देशमुख ने समुदाय के समग्र विकास तथा शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक प्रभावी रूप से पहुंचाने की आवश्यकता पर बल देते हुए महत्वपूर्ण विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ लेकर समुदाय के सामाजिक, शैक्षणिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण को गति दी जा सकती है।

समारोह में उपस्थित अतिथियों एवं प्रतिनिधियों ने विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्ध घुमन्तु समुदाय के सामाजिक, शैक्षणिक एवं आर्थिक विकास के साथ-साथ उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने समुदाय के लोगों से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने तथा अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम का समापन गरिमामय वातावरण में हुआ। इस अवसर पर उपस्थित सभी अतिथियों, जनप्रतिनिधियों एवं समुदाय के सदस्यों का आभार व्यक्त किया गया।

# गन फॉर ग्लोरी स्टेट शूटिंग चैम्पियनशिप में जीते एक गोल्ड और 7 सिल्वर

नवभारत न्यूज

**छिंदवाड़ा, 31 अगस्त, अर्जुन शूटिंग एकेडमी के उपाध्यक्ष सुनील वानखड़े ने जानकारी दी कि विगत् दिनों जबलपुर में आयोजित 13 वीं गन फॉर ग्लोरी शूटिंग स्टेट चैम्पियनशिप लेबल शूटिंग काम्पीटीशन में अर्जुन एकेडमी के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुये कई पदक अपने नाम किए।**

हर्षी टांडेकर एक गोल्ड तीन सिल्वर मेडल, योग्य पटौदी सिल्वर मेडल, वही टीम इवेंट में सीनियर वूमेन कैटेगरी में त्रियाक्षा खरपुसे कृतिका पाटिल हर्षी टांडेकर ने सिल्वर मेडल अर्जित किया। इन सभी खिलाड़ियों ने राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिला व अर्जुन शूटिंग एकेडमी का नाम रोशन किया है। साथ ही राइफल मेन केटेगरी में गगन वर्मा, अंश मालवी कुनाल वैष्णव अबीर निर्मलकर शम्स आजमी, अरिहन सिंग, लक्ष्य डेहरिया, पार्थ टांडेकर, महिला पिस्टल वर्ग से विरिका विश्वकर्मा, मीनाक्षी सिंह, वेदैही भोयरकर, मेन पिस्टल वर्ग से आदित्य पतिंगे, रूपेश भादे, पार्थ माहोरे, अमन धरकर, रेषभ बाबरिया, पार्थ वर्मा ने भाग लिया। अर्जुन शूटिंग एकेडमी के अध्यक्ष प्रणय बोण्डे ने सभी खिलाड़ियों के उनके शानदार प्रदर्शन और नेशनल के लिये क्वालीफाई करने पर शुभकामनाएं दी।

# सांसद ने पौधारोपण कर लोगों को दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

नवभारत न्यूज

**छिंदवाड़ा, 31 अगस्त, छिन्दवाड़ा शहर को हरा-भरा, सुंदर और स्वच्छ करने के लिए प्रयासरत सांसद बंटी विवेक साहू प्रतिदिन सुबह दोपहिया वाहन से ही छिन्दवाड़ा शहर के विभिन्न वार्डों में पहुंचकर वहां स्थित पार्कों और खुले स्थानों में पौधरोपण कर लोगों को शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं हरा-भरा रखने का संदेश देते हुए लोगों से अधिक से अधिक संख्या में पौधरोपण करने की अपील कर रहे है।**

इसी क्रम में सांसद श्री साहू ने सोमवार की सुबह छिंदवाड़ा नगर के वार्ड क्रमांक 17 के बूथ क्रमांक 247 के शनिचरा बाजार स्थित पानी टंकी पार्क में साथियों एवं वार्डवासियों के साथ पौधारोपण करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संकल्प भी दिलाया। इस अवसर पर सांसद बंटी विवेक साहू ने स्थानीय नागरिकों की समस्याओं को सुना तथा क्षेत्र में आवश्यक विकास कार्यों को लेकर सार्थक चर्चा की। इस दौरान सांसद श्री साहू ने कहा कि हमारा संकल्प है कि छिंदवाड़ा को स्वच्छ, सुंदर और हरा-भरा बनाने के साथ-साथ प्रत्येक क्षेत्र में विकास को गति दी जाए। इस दौरान पातालेश्वर मंडल अध्यक्ष अंकुर शुक्ला, पार्षद बलराम साहू, बूथ अध्यक्ष मन्नू दुबे,बीएलए-2 विनोद साहू, हरनाम सिंह भट्टी, नितेश गुप्ता, अशोक संचेती, शुभम नागवंशी, मनीष मोंटी शर्मा, गवा दुबे, कुंदन मिगलानी, मुकेश सोनी, बंटी बागरे, अश्विन अग्रवाल, आकाश साहू, नारायण साहू, ममता राय, युवराज पटवा, अरविंद पटवा, अनुज मल्होत्रा, नंदकिशोर साहू सहित अन्य वार्डवासी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पीजी कॉलेज में 15 सितंबर से प्रारंभ होगी एआई एवं फिनटेक ट्रेनिंग

नवभारत न्यूज

**छिंदवाड़ा, 31 अगस्त, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय स्वशासी पीजी महाविद्यालय, छिंदवाड़ा में स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत विद्यार्थियों को रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।**

प्रशिक्षण के माध्यम से अंतिम वर्ष एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं के विद्यार्थी सीवी निर्माण, स्वॉट विश्लेषण, कम्युनिकेशन स्किल तथा ग्रुप डिस्कशन जैसी महत्वपूर्ण दक्षताओं का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। वहीं छात्राएं फैशन डिजाइनिंग प्रशिक्षण के माध्यम से नवीन डिजाइनों एवं ट्रेंड्स की जानकारी हासिल कर रही हैं। संभागीय नोडल अधिकारी स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना डॉ.पी.एन.सनेसर ने बताया कि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.लक्ष्मीचंद के मार्गदर्शन में विभिन्न रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश शासन एवं आईआईटी दिल्ली के मध्य हुए एमओयू के अंतर्गत महाविद्यालय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) एवं फिनटेक प्रशिक्षण कार्यक्रम भी प्रारंभ किया जा रहा है, जिसकी पंजीयन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। महाविद्यालय के स्नातक अंतिम वर्ष एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं के विद्यार्थी उक्त प्रशिक्षण के लिए पात्र हैं।

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर शतरंज खेल स्पर्धा का हुआ आयोजन

नवभारत न्यूज

**बिछुआ, 31 अगस्त, बिछुआ आदिवासी विकासखंड में राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में पूरे विश्व में भारतीय हॉकी परचम बुलंद करने वाले हांकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष्य में विकासखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मेजर ध्यानचंद जी की छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया।**

प्रतियोगिता में खेल एवं युवा कल्याण विभाग व जनजाति कार्यविभाग के संयुक्त तत्वावधान में शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विकासखंड के विभिन्न विद्यालयों के बालक-बालिका खिलाड़ियों ने भाग लिया। विजेता खिलाड़ी को पुरस्कृत किया गया। वहीं चयनित खिलाड़ी जिला स्तर पर अपना प्रदर्शन करेंगे। इस दौरान संयोजक प्राचार्य वी के पडोले के द्वारा हांकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद जी जयंती पर प्रकाश डालते हुए खेलों के प्रति उनकी प्रतिभा व जुनून से कैसे भारत को मैडल दिलाया।ध्यानचंद हॉकी के वो जादूगर जिसने अपनी स्टिक से दुनिया को नचाया ऐसे जादूगर की उपलब्धि के बारे में बच्चों को बारिकियों से अवगत कराया गया। वहीं खेल एवं युवा कल्याण विभाग के ब्लाक युवा समन्वयक प्रकाश डेहरिया ने भी विकासखण्ड से आये सभी बच्चों का स्वागत किया साथ ही जीवन में खेल बहुत जरूरी है जिससे व्यक्ति स्वस्थ रहता है इस दौरान मुख्य रूप से विकासखंड शिक्षा अधिकारी रविकांत अहिरवार, प्राचार्य वी के पडोले, प्राचार्य गणेश घागरे, कुरेकार सर, जीवन सिंग रघुवंशी खेल एवं युवा कल्याण विभाग के ब्लाक युवा समन्वयक प्रकाश डेहरिया, पीटीआई संजीव गौतम, लक्ष्मी डेहरिया, सुधीर गौतम, कैलाश यादव, रामविशाल चौरिया, शैलेन्द्र दुबे, का सहयोग रहा।




# 3 सितंबर को आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर की तिथि में संशोधन

नवभारत न्यूज

**छिंदवाड़ा, 31 अगस्त, मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के अंतर्गत आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण एवं शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 07 अगस्त 2026 से 08 जनवरी 2027 तक प्रत्येक सप्ताह शुक्रवार को जन-समस्या निवारण शिविर एवं जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन करने के लिए रोस्टर जारी किया गया है।**

कलेक्टर हरेंद्र नारायन द्वारा जारी आदेशानुसार 04 सितंबर 2026 को जन्माष्टमी का त्योहार होने के कारण जिले के विकासखंड छिन्दवाड़ा के ग्राम सुसरई में एक दिन पूर्व 03 सितंबर 2026 को जन-समस्या निवारण शिविर एवं जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया जाना था। अब यह जन-समस्या निवारण शिविर एवं जनसंवाद कार्यक्रम 05 सितंबर 2026 शनिवार को आयोजित किया गया है।

**आवश्यकता है**

**सॉफ्टवेयर की मार्केटिंग और सेल्स के लिए अनुभवी सेल्समेन की आवश्यकता है।**

**सैलरी- 7000 (प्लस), ट्रेवल एलाउंस**
**उम्र- 18 से 28 वर्ष**
**रिज्यूम व्हॉटसअप करें-8770195433**

तैयारी | पीएम के जन्मदिन से 17 सितंबर से लेकर पूर्व पीएम के जन्मदिवस 25 दिसंबर तक दोनों जिलों में आयोजित होंगे 100 नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर

# 100 दिवसीय नि : शुल्क स्वास्थ्य शिविरों का होगा आयोजन

नवभारत न्यूज

**छिंदवाड़ा, 31 अगस्त, सांसद बंटी विवेक साहू के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन से 17 सितंबर से लेकर पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस 25 दिसंबर तक दोनों जिलों में आयोजित होने वाले 100 दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों लेकर सांसद कार्यालय में सांसद बंटी विवेक साहू ने आयोजन समिति की बैठक ली।**

इस दौरान सांसद श्री साहू ने आयोजन समिति के सदस्यों से अपील की है कि इन 100 शिविरों को सफल बनाने के लिए आप लोगों की भूमिका अहम रहेगी। उन्होंने कहा कि आप सभी अभी से ही शिविरों की तैयारी प्रारंभ करते हुए इसे सफल और ऐतिहासिक बनाए। इस अवसर पर उपस्थित आयोजन समिति के सदस्यों ने उक्त 100 दिवसीय शिविरों को सफल बनाने के लिए हर संभव सहयोग का आश्वासन सांसद को दिया है। सांसद बंटी विवेक साहू ने जिले के जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों, आगनवाड़ी कार्यकर्ताओं व साहिकाओं, आशा व उषा कार्यकर्ताओं, सहित अन्य लोगों से अपील की है कि जब भी आपके क्षेत्रों में निःशुल्क शिविरों का आयोजन किया जाता है तो आप सभी अपने-अपने क्षेत्रों के मरीजों को शिविरों में अधिक से अधिक संख्या में भेजते हुए उन्हें 100 दिवसीय शिविरों का लाभ दिलाए।



### सांसद ने बताया पिछले 2 वर्षों में लाभान्वित हुए 1 लाख 70 हजार से अधिक मरीज

बैठक के दौरान सांसद बंटी विवेक साहू ने बताया कि सेवा ही संकल्प अभियान को लेकर पिछले 2 वर्षों में छिंदवाड़ा और पांढुर्णा जिले में 100 स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से 1 लाख 70 हजार से अधिक मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए 20 हजार से मरीजों का अलग-अलग बीमारियों का छिंदवाड़ा सहित महानगरों में ऑपरेशन कराया गया था। इस दौरान गांवों में बिना ईलाज किए घरों में पड़े हुए मरीजों को भी शिविरों के माध्यम से बेहतर उपचार मिला था। पिछले वर्षों की भांति इस वर्ष भी दोनों जिलों में 100 नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से मरीजों को बेहतर ईलाज मिल सकेगा। सांसद बंटी विवेक साहू ने बताया कि इस वर्ष आयोजित होने वाले 100 शिविरों में भी डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टॉफ की भूमिका अहम रहेगी। उक्त 100 दिवसीय स्वास्थ्य शिविरों की तिथि और स्थानों का चयन किया जा रहा है। शिविरों में चिन्हित गंभीर मरीजों का जिला अस्पताल, निजी चिकित्सालयों सहित महानगरों में भेजकर उचित ईलाज और ऑपरेशन किया जायेगा। उक्त शिविरों में संबंधित विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों का भी सहयोग लिया जायेगा। बैठक के दौरान सांसद श्री साहू ने आयोजन समिति के सदस्यों से सुझाव भी मांगे, जिस पर आयोजन समिति के सदस्यों ने अपने सुझाव भी दिए। सांसद श्री साहू ने लोगों से अपील की है कि वे उक्त शिविरों के दौरान अधिक से अधिक संख्या में शिविरों में पहुंचकर इसका लाभ उठाए।

**OFFICE OF THE**
**SECRETARY KRISHI UPAJ MANDI SAMITI KHANDWA**
**Distt. KHANDWA (M.P.)**

No /Mandi/Nirman/2026-27/1175 Khandwa Dated: 25/08/2026

**NOTICE INVITING TENDER**

Online Percentage Rate E-Tenders are invited from contractors registered with the Office of the Engineer in Chief, M.P. Public Works Department, Government of Madhya Pradesh (Centralized Registration Cell) for 1. BT Work (Main Gate to Dadaji Darbar Gate And Infront of Weight Bridge) At New Mandi Yard Khndwa Tender Number 2026_MPSAM_532465_1 (PAC Amount Rs.124.19 Lakh), 2. Repairing And Painting Work Of Staff Quarters At New Mandi Yard Khandwa, Repairing And Maintenance of Existing Shed (2 Nos Trolly Shed, 1 No Covered Shed At New Mandi yard Khandwa And 1 No Trolly Shed, 1 No Covered Shed At Fruits & Vegetable Mandi Yard Khandwa) Tender Number Number 2026 MPSAM_532466_1 (PAC Amount Rs.108.41 Lakh), 3. Construction Of Over Head Tank And Pipe Line Work At New Mandi Yard Khandwa, Construction Of New Gate(Dadaji Darbar Road) At New Mandi yard Khandwa) Tender Number 2026 MPSAM_532467_1 (PAC Amount Rs.48.00 Lakh), 4. Construction of RCC Drain At New Mandi Yard Khandwa Tender Number Number 2026_MPSAM_532468_1 (PAC Amount Rs.49.58 Lakh). The Following Works Tender To Be Received Online Up To 5:30 PM On Dated 22/09/2026 Technical Bid Documents With EMD & Financial Offer To Be Received Online Only As Per Detailed NIT. The Tender Documents Can Be Obtained Online On The http://mptenders.gov.in As Per The Notice Published On The Above Portal And Detailed Information Can Also Be Seen On Website www.mpmandiboard.gov.in

Note: Any Corrigendum In This NIT, If Required, Shall Be Displayed Only In Our Above Portal Regarding Any Matter Included In This NIT Or Otherwise. Other Details Of Construction /Development Works And Locations & Key Dates Can Also Be Seen On Our Website www.mpmandiboard.gov.in

Secretary
Krishi Upaj Mandi Samiti Khandwa
Distt. Khandwa